पंचदश बिहार विधान सभा

पंचम सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-06

मंगलवार, दिनांक-28 फरवरी, 2012 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.50 बजे अपराह्न तक ।

(सदन की कार्यवाही प्रारंभ होते ही मा० सदस्या श्रीमती ज्योति रश्मि अपनी मांग को लेकर रोष प्रकट करते हुए वेल में आकर बैठ गई ।)

[1] प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 01 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 01 अल्पसूचित प्रश्न क्रमांक 11 अगली तिथि तक के लिए स्थगित ।

(iii) 01 अल्पसूचित प्रश्न अनागत ।

(iv) 10 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(v) 02 तारांकित प्रश्न क्रमांक 237 एवं 244 अगली तिथि तक के लिए स्थगित ।

(vi) 70 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[2] शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्री दिनेश कुमार सिंह
(ii) डॉ० रणविजय कुमार
(iii) श्री विजय कुमार सिन्हा
(iv) श्री अरूण शंकर प्रसाद
(v) श्री रामदेव महतो
(vi) श्री जनक सिंह
(vii) श्री जवाहर प्रसाद
(viii) श्री राजेश्वर राज
(ix) श्री अखतरूल इस्लाम शाहिन
(x) श्री राहुल कुमार
(xi) श्री विनोद प्रसाद यादव
(xii) श्री बीरेन्द्र कुमार सिंह
(xiii) श्री प्रदीप कुमार
(xiv) श्रीमती दिलमरणी देवी
(xv) श्री राजकुमार राय

[3] <u>ध्यानाकर्षण सूचनाएँ</u> :-

(i) माननीय सदस्य श्री रत्नेश सदा एवं अन्य सभासदों के ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित दिनांक 23.02.2012 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण विभाग को स्थानान्तरित हुआ ।

(ii) माननीय सदस्य श्री मनीष कुमार एवं अन्य सभासदों के पर्यटन विभाग से संबंधित दिनांक 23.02.2012 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना के उत्तर के लिए समय लिया गया ।

(iii) माननीय सदस्य श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी एवं अन्य सभासदों के शिक्षा विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा उत्तर दिया गया ।

(iv) माननीय सदस्य श्री प्रेमरंजन पटेल एवं अन्य सभासदों के खान एवं भूतत्व विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा इसके उत्तर के लिए समय लिया गया ।

(भोजनावकाश के बाद)

समय 2.00 बजे अप० से 4.15 बजे अप० तक ।

(माननीय अध्यक्ष महोदय के आसन ग्रहण करते ही अपनी मांग को लेकर मा० सदस्या श्रीमती ज्योति रश्मि वेल में आकर बैठ गई ।)

[4] <u>कृषि रोड मैप के प्रारूप पर सामान्य विमर्श (दिनांक 27.02.2012) से जारी</u>:-

सामान्य विमर्श में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी (ii) श्री अवधेश कुमार राय

(iii) श्री सोम प्रकाश सिंह (iv) श्री विनय बिहारी

सरकार की ओर से माननीय मुख्यमंत्री द्वारा सामान्य विमर्श का उत्तर दिया गया ।

(आसन द्वारा मा० सदस्या श्रीमती ज्योति रश्मि से बार-बार अपने सीट पर जाने के अनुरोध के बावजूद वे वेल में बैठी रही ।)

[5] <u>निवेदन</u> :-

आसन द्वारा घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत कुल 26 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएँगें ।

तदुपरांत सभा की बैठक बुधवार, दिनांक 29.02.2012 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-28.02.2012

लक्ष्मीकांत झा
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।